मध्यप्रदेश शासन द्वारा नियुक्त

आटा, चावल व दाल उद्योग

न्यूनतम वेतन परामर्शदात्री समिति

का

प्रतिवेदन

१९५८

[illegible] मुद्रणालय

मध्यप्रदेश शासन ने न्यूनतम वेतन विधान, १९४८ के अन्तर्गत आटा, दाल व चावल नियोजन में निर्धारित न्यूनतम वेतन के दरों को पुनर्निर्धारण करने के लिए दिनांक ३० अप्रैल १९५७ की अधिसूचना क्रमांक ४०-४०२६।१६ के अन्तर्गत एक परामर्शदात्री समिति नियुक्त की थी, जो निम्न प्रकार थी:—

अध्यक्ष ...श्री एल. आर. जोशी, उप श्रम आयुक्त, मध्यप्रदेश, इंदौर,

स्वतंत्र सदस्य ...श्री आय. के. जैन, संख्या अधिकारी, अर्थ तथा संख्या विभाग,

नियोक्ताओं के प्रतिनिधि ...श्री अब्दुल करीम भाई, प्रोप्रायटर, राइजिंग-सन ओलमर मिल्स, उज्जैन,

" ...श्री खेमराज नेमीचन्द, रायपुर,

सेवायुक्तों के प्रतिनिधि ...श्री तारासिंह वियोगी, ग्वालियर,

" ...श्री एम. आर. काले, बिलासपुर।

२. उपरोक्त समिति के अध्यक्ष श्री एल. आर. जोशी के स्थान पर श्री इ. ना. पुराणिक, सहायक श्रम आयुक्त, इन्दौर विभाग, इन्दौर की नियुक्ति मध्यप्रदेश शासन द्वारा अधिसूचना क्रमांक ७६/१६, दिनांक ३ अगस्त, १९५७ के अन्तर्गत की गई।

३. नियोक्ताओं के प्रतिनिधि श्री अब्दुल करीम भाई के स्थान पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा श्री भगवानदास, गंज बासौदा, की नियुक्ति विज्ञप्ति क्रमांक १५१/१६ दिनांक १४ नवम्बर, १९५७ द्वारा की गई।

४. मध्यप्रदेश राज्य के पुनर्गठन के पूर्व इस प्रदेश में एकीकरण किये गये चारों राज्यों में अर्थात् महाकौशल क्षेत्र, मध्यभारत, भोपाल व विंध्यप्रदेश में आटा, दाल व चावल नियोजन में न्यूनतम वेतन के संबंध में भिन्न-भिन्न परिस्थितियां विद्यमान थीं, अतएव राज्य पुनर्गठन के पश्चात् शीघ्र ही मध्यप्रदेश शासन ने पुनर्गठित प्रान्त में न्यूनतम वेतन की असमानता को मिटाने के हेतु न्यूनतम वेतन पुनर्निर्धारण परामर्शदात्री समितियों की स्थापना की।

५. पुनर्गठित मध्यप्रदेश राज्य की इकाइयों में आटा, दाल व चावल नियोजन में निम्नानुसार न्यूनतम वेतन निर्धारित थे :—

राज्य	क्षेत्र	न्यूनतम वेतन		
		कुशल	अर्धकुशल	अकुशल
		रु. आ. पा.	रु. आ. पा.	रु. आ. पा.
मध्यभारत—	(१) इंदौर, उज्जैन, रतलाम, निमाड़ ..	५२-०-०	४२-४-०	३०-०-०
	(२) गिर्द, ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना ..	५०-०-०	४५-०-०	३०-०-०
	(३) राजगढ़, धार, झाबुआ ..	४५-०-०	३५-६-०	२६-०-०

नोट.—यह वेतन ८ घण्टे प्रतिदिन व २६ दिन प्रति माह के आधार पर निर्धारित किये गये थे।

राज्य	क्षेत्र	न्यूनतम वेतन		
		कुशल	अर्धकुशल	अकुशल
		रु. आ. पा.	रु. आ. पा.	रु. आ. पा.
महाकोशल	(१) जबलपुर..	—	—	वयस्क पुरुष १-४-० प्र. दि. वयस्क स्त्री १-०-० ,,
	(२) अन्य क्षेत्र..	—	—	वयस्क पुरुष १-०-० ,, वयस्क स्त्री ०-१२-० ,,

नोट.—विध्यप्रदेश व भोपाल राज्य में आटा, दाल व चावल नियोजन में न्यूनतम वेतन निर्धारित नहीं किये थे।

६. मध्यप्रदेश की चारों इकाईयों में आटा, दाल व चावल नियोजन में कारखानों की संख्या निम्न प्रकार से है:—

राज्य की इकाइयां	चावल मिल	आटा मिल	दाल मिल	चावल, दाल व आटा मिश्रित	कुल
महाकोशल	२३७	४	५७	१०	३०८
मध्यभारत	३	...	१५	४४	६२
भोपाल	...	...	...	२	२
विंध्यप्रदेश	५	...	...	१	६
	२४५	४	७२	५७	३७८

७. इस समिति की बैठक दिनांक २७ जुलाई १९५७, दिनांक ६ दिसम्बर १९५७, दिनांक २७ दिसम्बर, १९५७, दिनांक ३१ जनवरी, १९५८ व दिनांक २३ फरवरी, १९५८ को आयोजित की गई थी।

८. समिति ने आटा, दाल व चावल नियोजन के विषय में जानकारी एकत्रित करने के लिए प्रश्नावली तैयार की थी, जो संलग्न दी जा रही है। यह प्रश्नावली ३४९ कारखानों को भेजी गई थी। इनमें से १९६ कारखानों की ओर से उत्तर प्राप्त हुआ।

९. समिति ने अन्य राज्यों से भी इस उद्योग के लिए न्यूनतम वेतन की जानकारी प्राप्त की है, जिसका विवरण नीचे दिया जा रहा है:—

यह वेतन-दर अकुशल श्रमिकों के हैं

क्रमांक	राज्य	नियोजन	न्यूनतम वेतन के दर		
१	मद्रास	चावल, दाल व आटा	वयस्क पुरुष व स्त्री	१-२-० से १-१२-०	प्रतिदिन
२	केरल		वयस्क पुरुष	१-८-०	प्रतिदिन
			वयस्क स्त्री	१-०-०	,,

क्रमांक	राज्य	नियोजन		न्यूनतम वेतन के दर	
३	मैसूर	चावल, दाल व आटा	वयस्क पुरुष	१-०-० से १-४-०	प्रतिदिन
		"	वयस्क स्त्री	०-१२-०	"
४	उत्तरप्रदेश	"	वयस्क पुरुष व स्त्री	१-०-०	"
५	उड़ीसा	"	"	१-०-०	"
६	बिहार	"	"	४५-०-०	प्रतिमाह
७	बम्बई	"	"	४५-०-० से ५०-०-०	तक "
८	हैद्राबाद	दाल मिल्स	वयस्क पुरुष	१-४-०	प्रतिदिन
			वयस्क स्त्री	१-०-०	"
			बालक	०-१०-०	"
		आटा मिल्स ..	वयस्क पुरुष	१-४-०	"
			वयस्क स्त्री	०-१४-०	"
		चावल मिल्स ..	वयस्क पुरुष	१-४-०	"
			वयस्क स्त्री	१-२-०	"
			बालक	०-१२-०	"
९	पंजाब ..	चावल, दाल व आटा	वयस्क पुरुष व स्त्री	४५-०-०	प्रतिमाह
१०	पश्चिम बंगाल	आटा मिल्स ..	"	५०-०-०प्र. माह.	महंगाई भत्ते सहित
			अथवा	१-१४-०प्र. दि.	"
		चावल मिल्स ..	वयस्क पुरुष ..	१-२-० से १-८-०	तक महंगाई भत्ते सहित
			वयस्क स्त्री ..	०-१५-६ से १-०-०तक	"

१०. समिति ने आटा, दाल व चावल नियोजन के मध्यप्रदेश में प्रचलित वेतन एवम् काम की हालत के बारे में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने हेतु रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़, जबलपुर, भोपाल व मुरैना का दौरा किया।

११. भूतपूर्व मध्यभारत शासन ने सन् १९५४ में आटा, दाल व चावल नियोजन में न्यूनतम वेतन निर्धारित किये थे। वैसे ही भूतपूर्व मध्यप्रदेश शासन ने सन् १९५६ में इस नियोजन के लिए न्यूनतम वेतन का पुनर्निर्धारण किया था। सन् १९५४ से सन् १९५७ तक अखिल भारतीय थोक वस्तुओं के भावों के सूचकांक के आंकड़ों में निम्न प्रकार से परिवर्तन हुआ है। इन आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि श्रमिकों के जीवन यापन के लिए आवश्यक वस्तुओं के भावों में वृद्धि हुई है। खाद्य पदार्थ जो कि श्रमिकों के कौटुंबिक व्यय में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं उनके सूचकांक में सन् १९५४ के तुलना में सन् १९५७ में १४.३ प्रतिशत वृद्धि हुई है व समस्त पदार्थों के सूचकांक में भी ९.९ प्रतिशत वृद्धि हुई है।

थोक वस्तुओं के भावों के अखिल भारतीय सूचकांक

आधार वर्ष—१९३९-१००

वर्ष	खाद्य पदार्थ	निर्मित वस्तुएं	समस्त पदार्थ
१९५४-५५	३३९.८	३७७.४	३७७.४
१९५५-५६	३१३.२	३७२.९	३६०.४
१९५६-५७	३८८.५	३८४.६	४१४.६

सूत्र—अर्थ तथा संख्या विभाग

१२. देश की द्वितीय पंचवर्षीय योजना में भी वेतन निर्धारण के बारे में निम्नानुसार उल्लेख किया गया है :—

"Any steps to restrict wage increase should therefore be preceded by similar restrictions on the distribution of profit, Subject to this, wage increase should be granted under the following circumstances.—

(1) To remove anomalies or where the existing rates are abnormally low.

(2) To restore the pre-war real wages as a first step towards living wage, through increased productivity resulting from rationalisation and the renewal or modernisation of plant."

१३. इसी प्रकार "इण्डियन लेबर कान्फ्रेन्स " के १५वें अधिवेशन में निम्नानुसार निर्णय किया गया है :—

"With regard to the minimum wages fixation it was agreed that the minimum wage was "Need based" and should insure the minimum human needs of the industrial worker, irrespective of any other considerations. To calculate the minimum wage the Committee accepted the following norms and recommended that they should guide all wage fixing authorities, including Minimum Wages Committees, Wage Boards, Adjudicators etc.

(1) In calculating the minimum wage the standard working class family should be taken to consist of three consumption units for one earner. The earnings of women, children and adolescents should be disregarded.

(2) Minimum requirements should be calculated on the basis of net intake of 2700 calories, as recommended by Dr. Akroyd for an average Indian adult of moderate activity.

(3) Clothing requirement should be estimated at per capita consumption of 13 yds. per annum which would give for the average workers' family of four, a total of 72 yds.

(4) In respect of housing, the norm should be the minimum rent charged by the Government in any area for houses provided under the Subsidized Industrial Housing Scheme for low income groups.

(5) Fuel, lighting and other "miscellaneous" items of expenditure should constitute 20% of the total minimum wage."

१४. उपरोक्त कारणों के अतिरिक्त पुनर्गठित मध्यप्रदेश राज्य में इस नियोजन के लिए पूर्व में निर्धारित न्यूनतम वेतन की असमानता भी दूर करना आवश्यक है। अतः उपरोक्त समस्त आधारों पर आटा, दाल व चावल उद्योग के न्यूनतम वेतन का निर्धारण एवं पूर्व निर्धारित न्यूनतम वेतन में संशोधन करना नितांत आवश्यक है।

१५. समिति ने अपने दौरे के प्रत्यक्ष अनुभव के आधार पर यह पाया कि पुरुष व स्त्री मजदूर के काम करने की शक्ति में अन्तर होता है, जिससे स्त्री मजदूर हल्के बोझ का काम करती है, जबकि पुरुष मजदूर भारी बोझवाला काम करता है। उदाहरण के लिए समिति ने रायगढ़ की हनुमान चावल मिल में स्त्री मजदूर के बोझ का वजन करवाया, जोकि लगभग ३७ सेर था। जबकि साधारणतया पुरुष मजदूर लगभग

२ मन का बोझा उठाता है, इसलिए काम करने की शक्ति के आधार पर स्त्री और पुरुष मजदूर के वेतन में अन्तर रखा जाना आवश्यक है, ऐसी इस समिति की मान्यता है। फैक्ट्री एक्ट के नियम के अनुसार स्त्री मजदूर से अधिक से अधिक ६५ पौंड तक का वजन उठवाया जा सकता है। अतः यह समिति सिफारिश करती है कि आटा, दाल व चावल नियोजन में स्त्री मजदूर से ६५ पौंड से अधिक वजन न उठवाया जाये। अनुभव व प्रत्यक्ष चर्चा के आधार पर इस समिति की यह मान्यता है कि यदि स्त्री व पुरुष मजदूर के वेतन में अन्तर नहीं रखा गया तो मध्यप्रदेश के छत्तीसगढ़ क्षेत्र में जहां स्त्रियां पर्याप्त संख्या में कार्य करती हैं उनके ऊपर विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका है।

१६. समिति ने अपने दौरे में प्रत्यक्ष अनुभव किया कि इस उद्योग के श्रमिकों को कई जगह पर सस्ता अनाज दिया जाता है। न्यूनतम वेतन के निर्धारण अथवा संशोधन का प्रभाव इस सुविधा पर न पड़े इसलिए समिति यह सिफारिश करती कि आटा, दाल व चावल नियोजन के लिए पुनः निर्धारित न्यूनतम वेतन के अतिरिक्त सस्ता अनाज, मुफ्त मकान आदि अन्य सुविधाएं जोकि इस नियोजन के श्रमिकों को परिपाटी के रूप में प्राप्त हो रही हैं, वे उन्हें उसी आधार पर मिलती रहें।

१७. समिति ने पर्याप्त विचार विनिमय के पश्चात् यह निश्चय किया कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र के महंगाई में फर्क होता है इस आधार पर नगर और गांव के वेतन में अन्तर रखा जाना उचित प्रतीत होता है। समिति जनसंख्या के आधार पर प्रान्त को एक से अधिक क्षेत्र में विभाजित करना चाहती थी। लेकिन व्यवहारिक दृष्टिकोण को रखते हुए यह निश्चय किया गया कि महंगाई के आधार पर म्युनिसिपल क्षेत्र में आनेवाले नगर एवं अन्य क्षेत्र ऐसे दो भाग किये जावें। इस सिफारिश के आशय के लिए यह निर्देशित किया जाता है कि म्युनिसिपल क्षेत्र में म्युनिसिपल नगर और उसके इर्द-गिर्द का ५ मील व्यास का क्षेत्र सम्मिलित माना जावेगा।

१८. समिति ने इस विषय पर भी पर्याप्त विचार विनिमय किया कि न्यूनतम वेतन ओहदेवार प्रस्तावित किये जावें। लकिन इस समिति के अनुभव के आधार पर मान्यता है कि कुशल, अर्धकुशल व अकुशल श्रेणियों में विभाजन के प्रश्न के संबंध में विधान का पालन कराने में कठिनाइयां उपस्थित होती हैं। क्योंकि किस श्रमिक को अर्धकुशल कहा जावे और किस श्रमिक को कुशल कहा जावे इसमें प्रायः मतभेद हो जाता है। दूसरे यह प्रत्यक्ष अनुभव किया गया कि अकुशल श्रमिकों को ही कम वेतन दिया जाता है। अर्धकुशल व कुशल श्रमिकों की मांग व पूर्ति के आधार पर साधारणतया ठीक वेतन प्राप्त हो जाता है, क्योंकि वे पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं होते। इसके अतिरिक्त इन श्रेणियों के वेतन के दरों में पर्याप्त अन्तर है, जैसाकि निम्न पत्रक के अवलोकन से स्पष्ट होगा। यह भी अनुभव किया गया कि इस नियोजन में अन्य नियोजन के अनुसार ही ओहदों के नाम का कोई समीकरण नहीं है।

श्रमिकों की श्रेणियां	प्राप्त वेतन			
	अधिकतम		न्यूनतम	
एंजीनियर व बायलर अटेन्डन्ट	३००-०-०	प्रतिमाह	७०-०-०	प्रतिमाह
इंजिन ड्रायवर	२००-०-०	"	४०-०-०	"
फिटर या एक्स्पेलर मिस्त्री	१३०-०-०	"	४५-०-०	"
ऑइल मेन	१००-०-०	"	३०-०-०	"
फायर मेन	६५-०-०	"	३०-०-०	"

अतः समिति ने यह निश्चय किया कि केवल अकुशल श्रमिक के ही न्यूनतम वेतन की सिफारिश की जावे।

१९. न्यूनतम वेतन में साप्ताहिक छुट्टी के ऐवज में कोई आंशिका रखी जावे, इसके सम्बन्ध में भी समिति ने पर्याप्त विचार विनियम किया। समिति का प्रत्यक्ष अनुभव है कि कारखानेदार, श्रमिकों को न्यूनतम वेतन विधान की मंशा के अनुसार सवैतनिक साप्ताहिक अवकाश का लाभ नहीं देते हैं। अतः न्यूनतम वेतन विधान का समुचित पालन कराने के दृष्टि से यह समिति सिफारिश करती है कि निर्धारित न्यूनतम वेतन में सवैतनिक साप्ताहिक अवकाश की अंशिका सम्मिलित मानी जावे। अर्थात् इस समिति द्वारा प्रस्तावित न्यूनतम वेतन में सवैतनिक साप्ताहिक अवकाश के ऐवज में आंशिका सम्मिलित की गई है।

२०. आटा, दाल व चावल में नियोजन काम करनेवाले ठेके के (अर्थात् पीस रेट पर काम करनेवाले) मजदूरों के "पीस रेट" निर्धारित किये जावें ऐसी परिस्थिति इस समय नहीं है, ऐसा यह समिति अनुभव करती है। लेकिन ठेके पर काम करनेवाले मजदूरों को न्यूनतम वेतन के लाभ से वंचित न किया जावे, इस हेतु यह सिफारिश की जाती है कि ठेके पर काम करनेवाले श्रमिकों को अमानी (टाइम रेट) पर काम करनेवाले श्रमिकों के वेतन दर "गॅरन्टीड" होंगे वे अर्थात् ठेके पर काम करनेवाले श्रमिक को किसी कारण कम काम मिलने पर अमानी के मजदूर को जो मजदूरी दी जाती है, वह प्राप्त करने का अधिकार होगा।

२१. समिति ने न्यूनतम वेतन की सिफारिश करते समय अन्य प्रान्तों द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन एवं भारत शासन तथा केन्द्रिय न्यूनतम वेतन परामर्शदात्री समिति द्वारा प्रसारित सुझावों का भलीभांति अध्ययन किया है और उसके पश्चात् ही निम्नानुसार न्यूनतम वेतन की सिफारिश की है।

आटा, दाल व चावल नियोजन में काम करनेवाले अकुशल श्रमिकों के न्यूनतम वेतन दर

क्रमांक	क्षेत्र	वेतन दर	
		अकुशल स्त्री	अकुशल पुरुष
		रु. आ. पा.	रु. आ. पा.
१.	म्युनिसिपल नगर व उसके इर्द-गिर्द ५ मील व्यास का क्षेत्र	१-२-६ प्रतिदिन अथवा ३०-०-० प्रतिमाह	१-६-० प्रतिदिन अथवा ३६-९-० प्रतिमाह
२.	अन्य क्षेत्र	१-०-० प्रतिदिन अथवा २६-०-० प्रतिमाह	१-४-० प्रतिदिन अथवा ३२-८-० प्रतिमाह

विशेष.—उपरोक्त वेतन दरों में निम्नलिखित प्रावधान किये गये हैं:—

१. मासिक वेतन के लिए २६ दिन का महिना माना गया है।

२. उक्त प्रस्तावित न्यूनतम वेतन में मँहगाई भत्ता सम्मिलित है।

३. १५ वर्ष से कम उम्रवाले बच्चों के लिए ४॥ घण्टे प्रतिदिन से अधिक काम नहीं लिया जावेगा। जिसके लिए उपरोक्त निर्धारित वयस्क श्रमिकों के वेतन के आधे दर से वेतन दिया जावेगा।

४. उपरोक्त न्यूनतम वेतन मध्यप्रदेश की चारों इकाइयों के लिए समान रूप से प्रस्तावित किये गये हैं। भोपाल व विन्ध्यप्रदेश के क्षेत्र के लिए यह वेतन प्रथमबार निर्धारित माने जावेंगे और मध्यभारत व महाकौशल क्षेत्र के लिए वे पुनर्निर्धारित माने जावेंगे।

इं. कु. जैन
सदस्य

इ. न. पुराणिक
अध्यक्ष

तारासिंह वियोगी
सदस्य

नेमीचंद जैन
सदस्य

भगवानदास
सदस्य

एम. आर. काले
सदस्य

NOTE OF DISSENT SUBMITTED BY SHRI BHAGWANDAS

Extract of letter dated 28th January, 1258 addressed by Shri Bhagwandas, Member, Minimum Wages Adivisory Committee for Rice, Dal and Flour Mills, to the Chairman Minimum Wages Advisory Committee, Rice, Dal and Flour Mills, Indore City.

.....

The committee formed by you is not at all a representative body of Madhya Pradesh and as such does not represent the Trade and Industry, for which the Government is keen to decide.

Before submitting your final report to the Government I would request you to please reorganise the committee and see that representative members of the said Trade and Industry in question are included in majority from all important places, trade and industry in Madhya Pradesh.

As I have already submitted in the last meeting that these industries are at present passing through very hard and unfavourable stages with the result that these are the only industries which have suffered most in many respects, it is not at all advisable to over burden them in any way.

The committee has also not made any difference in the wages of Man and Woman workers, while woman workers cannot take up any hard work or job nor can give equal out-put like man worker.

I would therefore submit and suggest that wages for man worker be fixed at the rate of Rs. 1/2/- and for woman worker -/12/- per day.

परिशिष्ट १

अनेक्सर "ब"

(१) उद्योग या संस्थान का नाम.....
चावल, दाल व आटा या
अन्य उद्योग भी शामिल हैं .....

(२) मालिक का नाम .....

(३) मजदूरों की संख्या व मजदूरी .....

क्रमांक	श्रेणियां	संख्या	पुरुष या स्त्री	स्थायी या अस्थायी	मजदूरी
१	२	३	४	५	६
१.	इंजीनियर व बॉयलर अटेन्डेन्ट				
२.	एंजिन ड्रायवर				
३.	फिटर या एक्स्पेलर मिस्त्री				
४.	आइलमैन				
५.	फायरमैन				
६.	मजदूर	(१) स्त्री (२) पुरुष			
७.	मजदूर बालक	(१) स्त्री (२) पुरुष			

(४) कितनी शिफ्ट चलाई जाती हैं? .....

प्रत्येक शिफ्ट के घण्टे .....

(५) माह में औसतन कार्य के घण्टे .....
गत तीन वर्ष में औसतन कितने
दिन कार्य हुआ। यदि तीन वर्ष .....
की माहिती न हो तो एक वर्ष
की दी जावे .....

(६) साप्ताहिक अवकाश दिया जाता .....
है क्या? यदि हां तो वह
सवैतनिक है क्या ? .....

(७) ओवर टाइम कार्य किया जाता है क्या? यदि किया जाता है तो इस कार्यकाल के लिए किस दर से भुगतान किया जाता है? ....

(८) मजदूरी नगदी में या अन्य किसी प्रकार से दी जाती है? .....

प्रश्न ३ ब.....मजदूरों की संख्या व मजदूरी.....

क्रमांक	श्रेणियां	संख्या	पुरुष या स्त्री	स्थायी या अस्थायी	मजदूरी
१	२	३	४	५	६

८. कारकुन, मुनीम, गुमाश्ता ...

९. चौकीदार, रखवालदार

१०. अन्य श्रेणियां जो ऊपर निर्दिष्ट नहीं हैं.... ....

नाम एवं पता .....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

हस्ताक्षर

APPENDIX 2

STATEMENT SHOWING THE NUMBER OF WORKERS EMPLOYED IN RICE, DAL AND FLOUR MILLS. (REGD. FACTORIES)

S. No.	Name of the District	Number of factories submitting information	No. of workers		
			Male	Female	Total
1	2	3	4	5	6
1.	Bhind ...	9	84	3	87
2.	Morena ...	18	124	1	125
3.	Gird ...	9	52	—	52
4.	Shivpuri ...	2	26	—	26
5.	Guna ...	5	29	—	29
6.	Bhelsa ...	2	67	16	83
7.	Bhopal ...	3	59	1	60
8.	Hoshangabad ...	15	192	97	289
9.	Bilaspur ...	22	358	223	581
10.	Raigarh ...	13	521	218	739
11.	Raipur ...	23	285	239	524
12.	Balaghat ...	16	114	45	159
13.	Narsinghpur ...	7	33	15	48
14.	Durg ...	17	172	72	244
15.	Bastar ...	1	24	—	24
16.	Datia ...	2	24	1	25
17.	Jabalpur ...	16	183	115	298
18.	Dhar ...	2	11	8	19
19.	Indore ...	5	27	42	69
20.	Ujjain ...	2	80	—	80
21.	Khandwa ...	4	14	25	39
22.	Khargone ...	1	8	—	8
23.	Shahdol ...	2	30	8	38
	TOTAL ...	196	2,517	1,129	3,646

APPEN-

STATEMENT SHOWING THE NUMBER OF EMPLOYEES
RICE, DAL AND
HAVING SIZEABLE

S. No.	District	S. No	Name of Establishment	Town	No. of Workers Male	Female	Total
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	Bhind	1.	Agrawal Dal Mills	Bhind	34	3	37
		2.	Bhajanlal Oil & Flour Mills	,,	4	...	4
		3.	Ganesh Oil & Flour Mills	,,	7	...	7
		4.	Jain Oil & Dal Mills	,,	8	...	8
		5.	Kailash Oil & Dal Mills	,,	8	...	8
		6.	Ram Dal Mills	,,	8	...	6
		7.	Ramsahai Jwalaprasad Oil and Dal Mills	,,	10	...	10
		8.	Sharda Oil & Flour Mills	,,	3	...	3
		9.	Tarun Dal Mills	,,	4	...	4
				Total ...	84	3	87
2.	Morena	1.	Agrawal Dal Mills	Morena	5	...	5
		2.	Bharosilal Narayandas Dal Mills	,,	5	...	5
		3.	Bharat Dal Mills	,,	7	...	7
		4.	Chittarmal Ramdayal Dal Mills	,,	10	...	10
		5.	Durga Oil & Dal Mills	,,	8	...	8
		6.	Chaudhari Dal Mills	,,	10	...	10
		7.	Gangaram Deviram Rice and Flour Mills	,,	5	...	5
		8.	Hansa Dal Mills	,,	5	...	5
		9.	Hindustan Dal Mills	,,	4	1	5
		10.	Jagannath Onkarprasad das Dal Mills	,,	6	...	6
		11.	Kothari Dal Mills	,,	5	...	5
		12.	Mittal & Goel Dal Mills	,,	8	...	8
		13.	Maheshwari Dal Mills	,,	8	...	8
		14.	Purshottamdas Hardeodas Dal Mills	,,	11	...	11

DIX 3

EMPLOYED, WAGES PAID ETc. IN THE EMPLOYMENT OF FLOUR MILLS

EMPLOYMENT (REGD. FACTORIES)

WAGES PAID						
Unskilled		Oilman	Fireman	Engineers & Boiler attendant	Fitter or expeller Mistry	Engine Driver
Male	Female					
9	10	11	12	13	14	15
4-8-0 p.d.	1-8-0 p.d.	60/- p.m.	...	...	...	140/-p.m.
...	...	...	...	...	...	90/-p.m.
...	...	...	...	...	...	45/-p.m.
...	...	95/-p.m.	...	...	...	125/-p.m.
1-8-0 p.d.	...	60/-p.m.	...	...	...	125/-p.m.
1-8-0 p.d.	...	...	...	...	...	...
40/-to 45/- p.m.	...	40/-to 60/-p.m.	...	...	...	160/-p.m.
40/-to 45/- p.m.	...	...	...	...	...	...
...	...	...	...	...	...	70/-p.m.
...	...	50/- p.m.	..	...	...	50/-p.m.
1-8-0 to 1-12-0 p.d.	...	1-12-0p.d.	...	...	...	60/-p.m.
1-10-0 p.d.	...	30/-p.m.	...	...	...	125/-p.m.
40/- p.m.	...	...	...	...	...	75/-p.m.
1-8-0 to 1-12-0 p.d.	...	60/-p.m.	...	...	...	75/-p.m.
50/- p.m.	...	...	...	...	...	...
1-8-0 p.d.	...	55/-p.m.	...	...	...	70/-p.m.
1-12-0 p.d.	...	...	...	...	...	60/-p.m.
1-12-0 p.d.	1-4-0	50/-p.m.	...	...	...	100/-p.m.
1-12-0 p.d.	...	...	...	...	...	55/-p.m.
1-12-0 p.d.	...	...	...	...	...	60/-p.m.
...	...	...	...	...	...	...
1-12-0 p.d.	...	75/-p.m.	...	...	...	105/-p.m.
1-12-0 p.d.	...	60/-p.m.	...	...	...	125/-p.m.

S. No.	District	S. No.	Name of Establishment	Town	No. of workers Male	Female	Total
1	2	3	4	5	6	7	8
2.	Morena	15.	Pramod Flour & Oil Mills	Morena	4	...	4
		16.	Rathi Dal Mills	,,	8	...	8
		17.	Ramkrishna Dal Mills	,,	7	...	7
		18.	Savaldas Dal Mills	,,	8	...	8
				Total ...	124	1	125
3.	Gird	1.	Ganesh Rice & Dal Mills	Lashkar	5	...	5
		2.	Guru Nanak Rice and Dal Mills	,,	7	...	7
		3.	Hindulal Galloomal Rice & Dal Mills	Dabra	4	...	4
		4.	Krishna Dal Mills	Lashkar	7	...	7
		5.	Kanhaiyalal Ramjilal Dal Mills	,,	5	...	5
		6.	Laxmandas Dal & Flour Mills	Dabra	4	...	4
		7.	Manohar Rice Mills	Lashkar	4	...	4
		8.	Panjabi Rice Mills	Dabra	8	...	8
		9.	Satyug Rice & Flour Mills	,,	8	...	8
				Total ...	52	...	52
4.	Shivpuri	1.	Agrawal Dal Mills	Shivpuri	16	...	16
		2.	Ganesh Oil & Dal Mills	,,	10	...	10
				Total ...	26	...	26
5.	Guna	1.	Balkrishna Agrawal Dal Mills	Guna ...	5	...	5
		2.	Gorakhram Hariram Dal Mills	,, ...	9	...	9
		3.	Kanhaiyalal Jagdish Prasad Dal Mills	,, ...	9	...	9
		4.	Shivprasad Umri Dal Mills	Guna ...	...	...	...
		5.	Murlidhar Vasudeo Dal Mills	Ashoknagar	6	...	6
				Total ...	29	...	29

WAGES PAID						
Unskilled		Oilman	Fireman	Engineers & Boiler attendant	Fitter or expeller Mistry	Engine Driver
Male	Female					
9	10	11	12	13	14	15
35/-to 40/-p.m.	...	...	...	...	...	...
2-0-0 p.d.	...	...	...	...	...	...
1-12-0 p.d.	...	...	...	...	...	100/-p.m.
45/-p.m.	...	50/-p.m.	...	...	...	70/-p.m.
50/-p.m.	...	...	...	...	...	...
50/-p.m.	...	...	...	...	...	...
40/-p.m.	...	...	...	...	...	...
60/-p.m.	...	...	...	...	...	...
50/-p.m.	...	...	...	..	...	...
30/-p.m.	...	...	...	...	...	...
60/-p.m.	...	...	...	...	...	...
1-4-0 to 2/-p.d.	...	...	...	...	...	...
40/-p.m.	...	...	...	...	...	...
35/-p.m. ... 1-0-0 to 1-4-0 p.d.	...	...	...	...	100/-p.m.	..
40/-p.m. ...	...	...	...	...	...	...
1-2-0 p.d.	...	...	...	...	...	...
35/-p.m.	...	...	...	...	...	...
1-4-0 p.d.	...	...	...	...	...	...
1-4-0 p.d.	1-4-0p.d.	...	...	...	...	...

S. No.	District	S. No.	Name of Establishment	Town	No. of Workers Male	Female	Total
1	2	3	4	5	6	7	8
6.	Datia	1.	Mahadev Prasad Govind Prasad Dal Mills	Datia	15	1	16
		2.	Seksaria Dal Mills	,,	9	...	9
				Total ...	24	1	25
7.	Bhelsa	1.	Arun Rice & Dal Mills	Bhelsa	4	2	6
		2.	Standard Oil & Flour Mills	Ganj Basoda	63	14	77
				Total ...	67	16	83
8.	Bhopal	1.	Laxmi Ginning Factory, Rice Dal and Flour Mills	Sehore	5	...	5
		2.	Bharat Rice & Dal Mills	,,	8	1	9
		3.	Central India Flour Mills	Bhopal	46	...	46
				Total ...	59	1	60
9.	Hoshangabad	1.	Anandiram Kalloo Dal Mills	Itarsi	8	...	8
		2.	Birla Oil & Dal Mills	,,	8	7	15
		3.	Bajrang Dal Mills	Piparia	6	6	12
		4.	Gulab Chand Sualal Dal Mills	Itarsi	8	6	14
		5.	Jethmal Chhaganlal Dal Mills	,,	4	...	4
		6.	Laxmi Dal Mills	,,	45	5	50
		7.	Laxmi Dal Mills	Piparia	4	5	9
		8.	Madan Dal Mills	,,	7	5	12
		9.	Maheswari Dal Mills	,,	4	9	13
		10.	Manakchand Ramkrishna Dal Mills	,,	9	1	10
		11.	Ramanuj Dal Mills	,,	55	30	85
		12.	Shah Pasulal Dal Mills	,,	18	12	30

WAGES PAID						
Unskilled		Oilman	Fireman	Engineers & Boiler attendant	Fitter or expeller Mistry	Engine Driver
Male	Female					
9	10	11	12	13	14	15
1-3-0 p.d.	...	...	...	...	...	107/- p.m.
1-2-0 p.d.	...	...	...	...	...	200/- p.m.
1-8-0 p.d.	...	...	...	90/- p.m.	...	...
1-2-6 p.d.	1-2-6 p.d.	42/- p.m.	75/- p.m.	...	40/- to 75/- p.m.	80/- p.m.
0-12-0 p.d.	...	...	...	...	...	60/- p.m.
1-0-0 p.d.	...	...	...	...	...	100/- p.m.
1-12-0 p.d.	...	2-0-0 p.d.	...	...	5/- p.d.	...
1-2-0 to 1-5-0 p.d.	...	...	...	...	...	...
1-4-0 p.d.	1-0-0	...	...	...	...	...
1-8-0 p.d.	1-4-0	...	...	...	...	...
1-4-0	1-0-0	...	...	...	...	75/- p.m.
1-6-0	...	...	...	...	...	...
1-4-0	1-0-0	40/- p.m.	1-4-0 p.d.	150/- p.m.	80/- p.m.	65/- p.m.
1-4-0	1-2-0	...	...	...	...	...
1-6-0	1-4-0	...	...	...	...	65/- p.m.
1-6-0	1-4-0	...	...	3-0-0 p.d.	...	...
1-4-0	1-2-0	...	...	...	...	...
1-4-0 to 1-0-0 p.d.	0-15-0 to 1-2-0	...	...	...	F. 40/- to 50/- M. 88/- to 90/-	85/-to 70/-
1-3-0 p.d.	1-1-0	...	...	...	...	60/- p.m.

S. No.	District	S. No.	Name of Establishment	Town	No. of Workers Male	Female	Total
1	2	3	4	5	6	7	8
9.	Hoshangabad	13.	Virendra Kumarji Dal Mills	Piparia	2	1	3
		14.	Vijay Oil & Dal Mills	,,	9	9	18
		15.	Chunnilal Sukhalal Jain Dal Mills	Harda	5	1	6
				Total ...	192	97	289
10.	Bilaspur	1.	Annapurna Rice & Dal Mills	Tikah	18	12	30
		2.	Bhagirath Rice Mills	Kalghi Rd.	7	4	11
		3.	Bhawanilal Dal & Flour Mills	Mungeli	5	...	5
		4.	Bajrang Rice Mills	Barador	...	...	...
		5.	Gokulbhai Bechar Flour & Dal Mills	Karghi Rd.	11	8	19
		6.	Gaurishankar Rice Mills	Naila	C	L	O
		7.	Hanuman Rice Mills	Baradwar	...	...	...
		8.	Krishna Rice & Dal Mills	Bilaspur	5	25	30
		9.	Shri Krishna Rice Mills	Bilaspur	55	...	55
		10.	Shri Krishna Rice Mills	Naila	32	5	37
		11.	Laxmi Rice Mills	Bilaspur	12	15	27
		12.	Mahesh Rice Mills	Jairamnagar	16	10	26
		13.	Mahalakshmi Rice Mills	Chanda	47	29	76
		14.	Shri Mahadeoji Rice Mills	Bilaha	10	6	16
		15.	Patel Rice Mills	Kargi Road	27	40	67
		16.	Radha Krishna Rice Mills	Akaltara	50	35	85
		17.	Ram Manohar Rice & Flour Mills	Karghi Road	10	...	10
		18.	Shri Ram Rice Mills	Mungeli	5	3	8
		19.	Rameshwar Baijnath Rice Mills	Bilaspur	48	31	79
		20.	Radhakrishna Rice Mills	Baradwar	...	...	...
		21.	Hetram Gaurishankr Rice Mills	,,	...	...	...
		22.	Umashankar Rice Mills	,,	...	...	...
				Total ...	358	223	581

WAGES PAID						
Unskilled		Oilman	Fireman	Engineers & Boiler attendant	Fitter or expeller Mistry	Engine Driver
Male	Female					
9	10	11	12	13	14	15
1-6-0 p.d.	1-2-0					
1-4-0	1-4-0	40/-p.m.			65/-p.m.	...
1-6-0 p.d.	1-2-0				...	...
1-0-0	0-12-0	47/-p.m.	...	...	80/-p.m.	...
1-8-0	1-0-0	30/-p.m.	...	...	...	100/-p.m.
1-4-0	...	...	...	...	...	60/-pm.
...	...	...	...	...	...	...
1-0-0	0-12-0	50/-p.m.	...	...	...	125/-p.m.
S E D						
...	...	...	...	...	...	...
...	...	...	...	...	...	...
1-4-0	1-0-0	40/-to50/-	40/-to50/-	...	90/-to 100/-	...
2-0-0	2-0-0	50/-	50/-	150/-.	...	150/-p.m.
1 -2-0	Approx	135/-	35/-p.m.	125/-	...	75/-
1-4-0	0-12-0	40/-p.m.	1-4-0	...	...	100/-p.m.
1-8-0	1-0-0	...	...	...	...	...
80/-p.m.	40/-p.m.	100/-p.m.	...	...	...	150/-p.m.
1-0-0	0-12-0	1-8-0	1-4-0	4-5-0	...	...
1-10-0	1-10-0	1-12-0	1-12-0	150/-p.m.	90/-p.m.	150/-p.m.
...	...	45/-p.m.	45/-p.m.	...	130/-p.m.	100/-p.m.
1-0-0	0-12-0	45/-p.m.	45/-p.m.	125/-p.m.	...	150/-p.m.
1-8-0	1-0-0	...	...	...	...	...
...	...	...	...	...	...	...
...	...	...	...	...	...	...
...	...	...	...	...	...	...

S. No.	District	S. No.	Name of Establishment	Town	No. of Workers Male	Female	Total
1	2	3	4	5	6	7	8
11.	Raigarh	1.	Annapurna Rice Mills	Deogaon	5	3	8
		2.	Ambika Rice Mills	Chandra	51	...	51
		3.	Bajrang Rice Mills	Shakharpur Kharasia	48	33	81
		4.	Chakradhar Rice Mills	"	62	...	62
		5.	Gaurishankar Rice Mills	Raigarh	44	48	92
		6.	Gaurishankar Rice Mills	Bhudeopur	18	7	25
		7.	Ganesh Rice Mills	Sarangarh	25	23	48
		8.	Gopal Rice Mills	Kharasia	77	54	131
		9.	Hanuman Rice Mills	Gandhiganj	55	31	86
		10.	Shankar Rice Mills	Rajgarh	48	19	67
		11.	Satyanarayan Rice Mills	Jharadia	...	...	...
		12.	Shamsundar Rice Mills	"	88	...	88
		13.	Shankar Rice Mills	Garghora	...	...	...
				Total ...	521	218	739
12.	Raipur	1.	Abhanpur Rice Mills	Raipur	5	5	10
		2.	Bhagrang Rice Mills	Nawapura Rajim	26	24	50
		3.	Durga Rice Mills	Saraipali	2	5	7
		4.	Daga Rice Mills	Arong	9	15	24
		5.	Dayakar Rice & Flour Mills	Baloda Bazar	C	L	O
		6.	Ganeshram Balbhadra Rice Mills	Raipur	20	5	25
		7.	Indian Rice Mills	Ramsagar-pura	8	10	18
		8.	Jagdish Flour & Dal Mills	Bhatapara	8	3	11
		9.	Jai Hind Rice and Dal Mills	"	14	15	29
		10.	Krishna Flour Mills	Ramsagar-pura	9	6	15
		11.	Krishna Rice Mills	Raipur	4	12	16
		12.	Laxmi Rice and Dal Mills	"	38	20	58
		13.	Narayan Singh Dal Mills	Bhatapura	25	46	71

WAGES PAID						
Unsiklled		Oilman	Fireman	Engineers & Boiler attendant	Fitter or expeller Mistry	Engine Driver
Male	Female					
9	10	11	12	13	14	15
1-4-0	0-12-0	...	...	...	...	...
...	...	54/-	35/-	130/-	51/-	75/-
35/-p.m.	35/-p.m.	...	...	...	...	...
...	...	...	...	...	...	...
1-6-0	1-6-0	35/-	35/-	330/-	94/-	50/-
...	...	25/-	25/-	135/-	...	...
1-2-0 to 1-4-0	0-12-0 to 1-0-0	45/-	40/-	70/-	140/-	125/-
...	...	76/-	171/-	185/-	60/-	...
1-4-0	0-12-0	40/-	50/-	150/-	60/-	200/-
(Contract)		50/-	45/-	150/-	...	...
...	...	...	...	...	...	...
